Diploma Programme
Programme du diplôme
Programa del Diploma

# Hindi A: literature – Higher level – Paper 2
# Hindi A : littérature – Niveau supérieur – Épreuve 2
# Hindi A: literatura – Nivel superior – Prueba 2

Thursday 11 May 2017 (morning)
Jeudi 11 mai 2017 (matin)
Jueves 11 de mayo de 2017 (mañana)

2 hours / 2 heures / 2 horas

---

### Instructions to candidates

- Do not open this examination paper until instructed to do so.
- Answer one essay question only. You must base your answer on at least two of the part 3 works you have studied and compare and contrast these works in response to the question. Answers which are not based on a discussion of at least two part 3 works will not score high marks.
- You are not permitted to bring copies of the works you have studied into the examination room.
- The maximum mark for this examination paper is **[25 marks]**.

### Instructions destinées aux candidats

- N’ouvrez pas cette épreuve avant d’y être autorisé(e).
- Traitez un seul sujet de composition. En basant votre réponse sur au moins deux des œuvres de la troisième partie que vous avez étudiées, vous devez comparer et opposer ces œuvres dans le cadre du sujet. Les réponses qui ne sont pas basées sur au moins deux des œuvres de la troisième partie n’obtiendront pas une note élevée.
- Vous n’êtes pas autorisé(e) à apporter des exemplaires des œuvres que vous avez étudiées dans la salle d’examen.
- Le nombre maximum de points pour cette épreuve d’examen est de **[25 points]**.

### Instrucciones para los alumnos

- No abra esta prueba hasta que se lo autoricen.
- Conteste una sola pregunta de redacción. Base su respuesta en al menos dos de las obras estudiadas de la parte 3, comparándolas y contrastándolas en relación con la pregunta. Las respuestas que no se basen en al menos dos obras de la parte 3 no recibirán una puntuación alta.
- No está permitido traer copias de las obras estudiadas a la sala de examen.
- La puntuación máxima para esta prueba de examen es **[25 puntos]**.

2217 – 0094



© International Baccalaureate Organization 2017

International Baccalaureate®
Baccalauréat International
Bachillerato Internacional

https://xtremepape.rs/

नीचे लिखे हुए विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए। इस भाग में आपका उत्तर भाग 3 की पढ़ी हुई रचनाओं में से **कम से कम दो** रचनाओं के **संदर्भ एवं तुलनात्मक** अध्ययन पर आधारित हो। यदि आपका उत्तर भाग 3 की पढ़ी हुई कम से कम दो रचनाओं पर आधारित **नहीं** होगा तो आपको उच्च अंक **नहीं** मिलेगा।

**कविता**

1. व्यक्तिगत अनुभवों को कविता में प्रस्तुत करने में अलंकारों की क्या भूमिका है? अपनी पढ़ी हुई कम से कम दो कवियों की कविताओं के आधार पर कविता में प्रयुक्त अलंकारों के महत्त्व पर प्रकाश डालें।

2. “कविता की अंतिम पंक्ति पाठक के मन पर अमिट छाप छोड़ती है।” अपनी पढ़ी हुई कम से कम दो कवियों की कविताओं के आधार पर बताइए कि कवियों ने किस प्रकार अपनी कविताओं का समापन प्रभावी ढंग से किया है।

3. अपनी पढ़ी हुई कम से कम दो कविताओं में कवियों की संदर्भ सहित तुलना के आधार बताइए किस प्रकार कवियों ने कविता के उच्चारण के लिए उपयुक्त शब्द चयन के माध्यम से अपनी भावनात्मक अभिव्यक्ति को प्रभावी बनाया है।

**उपन्यास**

4. अपने पढ़े हुए कम से कम दो उपन्यासों के आधार पर उपन्यासकारों द्वारा देशकाल और वातावरण के सृजन, इसकी विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उपन्यास में देशकाल और वातावरण के सृजन के महत्त्व पर प्रकाश डालें।

5. एक अच्छा लेखक अपने उपन्यास का सबसे महत्वपूर्ण वर्णनात्मक पक्ष बड़ी सावधानी से सृजित करता है। अपने पढ़े हुए कम से कम दो उपन्यासों के आधार पर उपन्यास के सबसे महत्वपूर्ण वर्णनात्मक पक्ष के महत्त्व एवं प्रभाव की तुलना कीजिए।

6. साहित्यिक रचनाओं में रचनाकर अपने पात्रों के माध्यम से आंतरिक संघर्ष, द्वंद्व एवं नैतिक दुविधा का सृजन करता है। अपने पढ़े हुए कम से कम दो उपन्यासों के आधार परबताइए कि उपन्यासकारों ने अपनी रचनाओं में किस प्रकार अपने पात्रों के माध्यम से आंतरिक संघर्ष, द्वंद्व एवं नैतिक दुविधाओं को दर्शाया है।

https://xtremepape.rs/

**कहानी**

**7.** अपनी पढ़ी हुई कम से कम दो कहानियों के आधार पर कहानीकारों द्वारा वातावरण और परिस्थितियों के सृजन, स्वर और इसके प्रभाव की तुलना कीजिए।

**8.** अपनी पढ़ी हुई कम से कम दो कहानियों की तुलना के आधार पर कहानीकारों द्वारा प्रयुक्त आलंकारिक, लाक्षणिक भाषा के उपयोग और प्रभाव की समीक्षा कीजिए।

**9.** "समाज की आलोचना करने के लिए कहानीकार अक्सर ऐसे पात्रों का सहारा लेता है जिसे समाज ने बहिष्कृत कर दिया है।" आप इस कथन से किस सीमा तक सहमत हैं ? अपनी पढ़ी हुई कम से कम दो कहानियों के आधार पर ऐसे पात्रों के चरित्र चित्रण और प्रभाव की समीक्षा कीजिए।

**नाटक एवं एकांकी**

**10.** प्रत्येक नाटक में कुछ निर्णायक घटनाएँ घटती हैं जो सम्पूर्ण नाटक को प्रभावित करती हैं। अपने पढ़े हुए दो नाटकों की तुलना के आधार पर बताइए कि नाटककारों ने कैसे निर्णायक घटनाओं का उपयोग अपने नाटक को प्रभावी बनाने के लिए किया है।

**11.** नाटक में विभिन्न दृश्यों का निर्माण अथवा दृश्य विधान नाटक की संरचना के महत्वपूर्ण घटक हैं। अपने पढ़े हुए दो नाटकों के आधार पर बताइए कि कैसे और किस सीमा तक नाटककारों अथवा एकांकीकारों द्वारा दृश्य विधान की संरचना का उपयोग किया गया है।

**12.** अधिकांश नाटक पाठकों को बौद्धिक अथवा नैतिक प्रतिक्रिया के लिए प्रेरित करते हैं। अपने पढ़े हुए दो नाटकों के आधार पर उन साहित्यिक साधनों की तुलना कीजिए।



https://xtremepape.rs/

**निबंध, आलोचना एवं यात्रा वृत्तांत**

**13.** निबंधों में लेखक के व्यक्तिगत अनुभवों और निजी विचारों की गहरी छाप होती है। अपने पढ़े हुए कम से कम दो रचनाकारों की रचनाओं के आधार पर समीक्षा कीजिए।

**14.** अपनी पढ़ी हुई कम से कम दो रचनाओं के शीर्षक और प्रारंभिक पंक्तियों की तुलना करते हुए संदर्भ सहित बताइए कि रचना को समग्र रूप से समझने में ये पंक्तियाँ सहायक हैं।

**15.** निबंध, आलोचना एवं यात्रा वृत्तांतों में तर्क की प्रधानता होती है। अपने पढ़ी हुई कम से कम दो रचनाओं के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए।

---

https://xtremepape.rs/